डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर

(A State Funded University of Rajasthan)

"रूसा भवन", शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302015

www.alujaipur.ac.in E-mail: registrar@alujaipur.ac.in

कमांकः प. 4(3)परीक्षा/अ.वि.वि./2021–22/ 1958 दिनांकः 05.08.2022

समस्त प्राचार्य/निदेशक,
सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

विषय :– सत्र 2021–22 के परीक्षा आवेदन–पत्रों के क्रम में।
सन्दर्भ :– विश्वविद्यालय समसंख्यक पत्र कमांक 1887 दिनांक 27.07.2022.

महोदय/महोदया,

उक्त विषयान्तर्गत व सन्दर्भित सूचना के क्रम में समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों को पुनः सूचित किया जाता है कि समस्त विधि पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरे जाने की विलम्ब शुल्क सहित तिथियॉ अवसरित हो चुकी है। साथ ही भरे गये फार्मो की महाविद्यालय स्तर पर जाँच व सत्यापन पश्चात् विश्वविद्यालय में हार्डकापी जमा करवाये जाने की समयसीमा भी अवसरित हो चुकी है।

संज्ञान में आया है कि कुछ विधि महाविद्यालयों द्वारा आदिनांक तक विलम्ब शुल्क सहित भरे गये परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा नहीं करवाये गये है अथवा जमा करवाये गये फार्मो में वांछित दस्तावेजों को संलग्न नहीं किया गया है अथवा निर्धारित स्थान पर छात्र के हस्ताक्षर व प्राचार्य द्वारा सत्यापन नहीं किया गया है।

उक्त के क्रम में संबंधित महाविद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 08.08.2022 तक व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म मय समस्त वांछित दस्तावेजों के परीक्षा विभाग में जमा करावें। अथवा यदि पूर्व जमा करवाये गये परीक्षा फार्मो के साथ वांछित दस्तावेज संलग्न नहीं किये गये है, तो उन्हें भी दिनांक 08.08.2022 तक जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

विदित रहे कि एलएल. बी. प्रथम व द्वितीय वर्ष परीक्षा 2021–2022 का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जा चुका है व शेष पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जा रहा है। अतः परीक्षा फार्म व वांछित दस्तावेजों के अभाव में किसी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने से वंचित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र व महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

5/8/22

परीक्षा नियंत्रक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

D/CE Saab